Title: Regarding Illegal Phone-tapping by Aam-Party.

श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली): सभापति महोदय, मैं सदन के सामने एक बहुत ही गंभीर विषय उठा रहा हूं। राइट टू प्राइवेसी हम सभी का मौलिक अधिकार है। लेकिन दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में आने वाले लोगों, कुछ दिन ठहरने वाले महत्वपूर्ण नेताओं और प्रमुख अधिकारियों का छिपकर फोन कॉल सुन रही है, उनके फोन टेप कर रही है और ऐसा करते हुए पकड़ी गई है।

यह हमारे मौलिक अधिकार का हनन है जो आर्टिकल 21 ने दिया है। अब आपको जानकर आश्चर्य होगा कि पहले उन्होंने फीडबैक यूनिट बनाया, जिसके अध्यक्ष दिल्ली के डेप्टी सीएम मनीष सिसोदिया हैं। दिल्ली की समस्याओं का फीडबैक लेने के लिए नेताओं के फोन टेपिंग करने लगे और लोगों की फोन टेपिंग करने लगे। अब चिंता की बात यह है कि यहां रक्षा क्षेत्र, वैज्ञानिक शोध क्षेत्र और देशहित में अत्यंत गोपनीय ढंग से कार्य हो रहा है, जिससे देश महाशक्ति बन रहा है।

अब सवाल उठता है कि क्या इस अवैध जासूसी से दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार गोपनीय डाटा इकट्ठा कर किसी को शेयर कर रही है।

मेरी मांग है कि इसका केस दर्ज हो, इसकी कड़ी जांच हो और लोगों के मौलिक अधिकार का हनन करने के लिए कठोरतम सजा दिए जाने के लिए यथाशीघ्र आगे बढ़ा जाए।